# आइआइएम रांची पहुंचे फ्रांस के कांसुलेट जेनरल, छात्रों से मिले

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में बुधवार को कोलकाता में फ्रांस के कांसुलेट जेनरल डिडियर तालपेन पहुंचे और प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से बातचीत की. कहा कि आइआइएम रांची प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास कर रहा है. इसके फलस्वरूप फ्रांस के तीन बिजनेस स्कूल संस्था से जुड़े हुए हैं. विद्यार्थी स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के जरिये नयी जानकारी हासिल कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि इस वर्ष के अंत में पेरिस में बैस्टिल दिवस समारोह का आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे. इससे सरकारी स्तर पर भारत-फ्रांस के सहयोग को बढ़ावा दिया जायेगा.

आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने कंसुलेट जेनरल से शैक्षणिक आदान-प्रदान के लिए फ्रांस के बिजनेस स्कूल से जुड़े शिक्षकों को बतौर अतिथि शिक्षक शामिल करने की बात रखी. इससे रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा. साथ ही शैक्षणिक योग्यता का आदान-प्रदान कर नयी संभावनाएं तैयार की जा सकेगी. निदेशक ने बताया कि आइआइएम रांची फ्रांस के बिजनेस स्कूलों के साथ मिलकर ड्यूल डिग्री प्रोग्राम की संभावित योजना तैयार कर रहा है.

Prabhat Khabar_08.06.2023_Pg.09